भारत सरकार
शिक्षा मंत्रालय
स्कूल शिक्षा और साक्षरता विभाग

लोक सभा
तारांकित प्रश्न संख्या-190
उत्तर देने की तारीख-09/12/2024

महाराष्ट्र के गोंदिया-भंडारा जिलों में नए केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय

*190. **डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले:**

क्या **शिक्षा** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या गोंदिया-भंडारा जिलों में केंद्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों की मौजूदा संख्या वहां ऐसे विद्यालयों की बढ़ती मांग को देखते हुए पर्याप्त है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है;
(ख) क्या सरकार का विशेषत: गोंदिया-भंडारा संसदीय निर्वाचन क्षेत्र सहित महाराष्ट्र में अधिक संख्या में केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय खोलने का विचार है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है; और
(ग) पिछले पांच वर्षों के दौरान विशेषत: गोंदिया-भंडारा जिलों सहित महाराष्ट्र में खोले गए केंद्रीय विद्यालयों और जवाहर नवोदय विद्यालयों का ब्यौरा क्या है?

उत्तर
शिक्षा मंत्री
(श्री धर्मेंद्र प्रधान)

(क) से (ग) : विवरण सभा पटल पर रख दिया गया है।

******

माननीय संसद सदस्य डॉ. प्रशांत यादवराव पडोले द्वारा 'महाराष्ट्र के गोंदिया-भंडारा जिलों में नए केंद्रीय विद्यालय और जवाहर नवोदय विद्यालय' के संबंध में दिनांक 09.12.2024 को पूछे गए लोक सभा तारांकित प्रश्न सं. 190 के भाग (क) से (ग) के उत्तर में उल्लिखित विवरण

(क) से (ग): नए केंद्रीय विद्यालयों (केवि) का खोला जाना एक सतत प्रक्रिया है। केंद्रीय विद्यालय पूरे देश में शिक्षण का समान कार्यक्रम प्रदान करके मुख्य रूप से रक्षा एवं अर्धसैन्य कर्मियों, केंद्रीय स्वायत्त निकायों, केंद्रीय सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों (पीएसयू) और केंद्रीय उच्च शिक्षण संस्थान (आईएचएल) सहित केंद्र सरकार के स्थानांतरणीय कर्मचारियों के बच्चों की शैक्षिक आवश्यकताओं को पूरा करने के लिए खोले जाते हैं। नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के प्रस्ताव भारत सरकार के मंत्रालयों या विभागों/राज्य सरकारों/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासनों द्वारा इस प्रतिबद्धता के साथ प्रायोजित किए जा सकते हैं कि वे मानदंडों के अनुसार नए केंद्रीय विद्यालय खोलने के लिए भूमि और अस्थायी आवास सहित अपेक्षित संसाधन उपलब्ध कराएं। ये प्रस्ताव मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन के अध्यधीन हैं। केंद्रीय विद्यालय जिला/निर्वाचन क्षेत्र के आधार पर नहीं खोले जाते हैं।

केंद्रीय विद्यालय संगठन (केविसं) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, वर्तमान में महाराष्ट्र राज्य में 59 केंद्रीय विद्यालय कार्यात्मक हैं, जिनमें भंडारा जिले में स्थित 01 केंद्रीय विद्यालय, नामत: आर्डिनेंस फैक्ट्री, भंडारा भी शामिल है।

नवोदय विद्यालय योजना में देश के प्रत्येक जिले में एक जवाहर नवोदय विद्यालय (जनवि) खोलने की परिकल्पना की गई है। 100% शहरी आबादी वाले 6 जिलों को छोड़कर, राज्यों/संघ राज्य क्षेत्रों के सभी जिलों (31.05.2014 तक की स्थिति के अनुसार) जिन्होंने योजना को स्वीकार कर लिया है, को योजना के तहत शामिल किया गया है। नए जवाहर नवोदय विद्यालयों का खोला जाना एक सतत प्रक्रिया है। नए जवाहर नवोदय विद्यालय खोलना संबंधित राज्य सरकार/संघ राज्य क्षेत्र प्रशासन की इच्छा पर निर्भर करता है कि वे स्थायी भवन के निर्माण के लिए अपेक्षित उपयुक्त भूमि निःशुल्क उपलब्ध कराएं तथा स्थायी भवन बनने तक विद्यालय के संचालन हेतु आवश्यक अस्थायी भवन निःशुल्क उपलब्ध कराएं। नए जवाहर नवोदय विद्यालय की संस्वीकृति और उसे खोलना मौजूदा प्रक्रियाओं के अनुसार सक्षम प्राधिकारी के अनुमोदन पर निर्भर करता है।

नवोदय विद्यालय समिति (नविस) से प्राप्त जानकारी के अनुसार, दिनांक 31.05.2014 तक की स्थिति के अनुसार महाराष्ट्र राज्य के 33 जिलों (दो जिलों अर्थात मुंबई शहर और मुंबई उपनगरीय को छोड़कर, जहां 100% शहरी आबादी है) जिनमें गोंदिया और भंडारा जिले शामिल हैं, को नवोदय विद्यालय योजना के तहत पहले ही शामिल किया जा चुका है और कुल 34 जनवि {(नंदुरबार जिले (एसटी बाहुल) में एक अतिरिक्त जनवि सहित 33 जिलों में)} स्थापित किए गए हैं।

केविसं और नविस से प्राप्त जानकारी के अनुसार, विगत पांच वर्षों के दौरान महाराष्ट्र राज्य में कोई नया केवि और जनवि स्थापित नहीं किया गया है।

*****